राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने नागौर में नाहर भवानी मां के दर्शन कर पूजा अर्चना की

समाज विभूतियों को सम्मानित किया

कहा, भारतीय संस्कृति शक्ति पूजा परंपरा से जुड़ी है

जयपुर/नागौर, 1 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को नागौर जिलें में स्थित अटियासन नाहर भवानी माता के दर्शन कर वहां पूजा अर्चना की। उन्होंने नाहर भवानी माता मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी बाद में भाग लिया।

इस अवसर पर उन्होंने मंदिर ट्रस्ट द्वारा विभिन्न सामाजिक विभूतियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके सेवा और समर्पण के लिए सम्मानित भी किया।

राज्यपाल श्री बागडे ने इस दौरान भारतीय संस्कृति में शक्ति पूजा परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि देवी पूजा परंपरा जीवन में गति और संचार से जुड़ी है। कुल की देवी का अर्थ है, जो पीढ़ियों से चले आ रहे कुटुंब का उद्धार करे।

उन्होंने राजस्थान में जैन समाज द्वारा विभिन्न स्थानों पर मंदिर स्थापत्य के लिए किए कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने नाहर भवानी मंदिर ट्रस्ट की समाजोपयोगी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली और कहा कि जो अपने लिए नहीं बल्कि दूसरों के लिए जीते हैं वही सार्थक जीवन जीते हैं।

Bhartiya NAHAR Bandhu
Maha Sangh, Nagaur

नाहर भवानी
|| नाहर कुलदेवी श्री भवानी माताय नमः ||
नाहर
कुलदेवी